आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 07.07.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड परिवहन निगम की नई वातानुकूलित सेवा ''यू.टी.सी. मिनी'' टेंपो ट्रैवलर का शुभारंभ किया।
- स्वास्थ्य विभाग जल जनित रोगों के खतरे से निपटने की तैयारी में जुटा। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपने आस–पास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।
- कैलाश मानसरोवर यात्रियों ने रं संग्रहालय में पहाड़ की संस्कृति का अवलोकन किया।
- देहरादून, रुद्रप्रयाग, टिहरी और बागेश्वर जिलों में आज कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

टेंपो ट्रैवलर शुभारंभ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून से उत्तराखंड परिवहन निगम की नई वातानुकूलित सेवा ''यू. टी.सी. मिनी'' टेंपो ट्रैवलर का शुभारंभ किया। यह पहली बार है जब निगम के बेड़े में 20 ए.सी टेंपो ट्रैवलर को शामिल किया गया है। इनमें से 10 वाहन देहरादून–मसूरी और इतने ही नैनीताल–हल्द्वानी मार्ग पर संचालित किए जाएंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन वाहनों से जाम और पार्किंग की समस्या में राहत मिलेगी और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार परिवहन क्षेत्र को सुलभ, सस्ता और सुरक्षित बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए परिवहन, राज्य की सामाजिक और आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार है। यह कदम पर्यटन को भी नई ऊर्जा देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही राज्य के बस बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जाएगा और इसकी खरीद प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कर्मचारियों और चालक–परिचालकों की समस्याओं को लेकर सरकार की संवेदनशीलता का जिक्र भी किया और समाधान की दिशा में कार्य करने की बात कही।

जल जनित रोग

प्रदेश में बरसात के दौरान जल जनित रोगों के खतरे से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों और कर्मचारियों को सचेत किया है। अस्पतालों में डेंगू और मलेरिया रोगियों के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से इन रोगों के प्रति सतर्क और जागरूक रहते हुए अपने आस–पास स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया है।

<u>गलोगी परियोजना</u>

भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी ने मसूरी में उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड–यूजीवीएन की गलोगी लघु जल विद्युत परियोजना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने इंग्लैंड और स्वीडन में निर्मित परियोजना की मशीनों की अनुरक्षण और परिचालन प्रणाली का अवलोकन किया। इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने निगम के अधिकारियों से धरोहर के रूप में सहेजी गई इस परियोजना के तकनीकी और ऐतिहासिक पक्षों की जानकारी ली। परियोजना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें परियोजना की कार्यशीलता, तकनीकी दक्षता और इसके रख–रखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गौरतलब है कि गत वित्तीय वर्ष में गलोगी परियोजना की ओर से 8 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया, जो इस परियोजना के प्रभावी और उत्कृष्ट संचालन का प्रमाण है। श्री त्रिपाठी ने 118 वर्ष पुरानी इस परियोजना से आज भी सुचारू रूप से विद्युत उत्पादन होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। गौरतलब है कि वर्ष 1907 में मसूरी के पास स्थापित यह परियोजना 118 वर्षों से विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

<u>कैलाश मानसरोवर यात्रा</u>

कैलाश मानसरोवर यात्रा दल के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला पहुंचने पर रं समुदाय की महिलाओं और बच्चों ने पारम्परिक रीति–रिवाज के साथ स्वागत किया। इस दौरान रं संग्रहालय के पूर्व प्रबंधक कृष्णा गर्ब्याल ने रं संस्कृति संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयास की जानकारी दी। कैलाश मानसरोवर यात्रियों ने संग्रहालय का भ्रमण कर रं समाज से जुड़ी पुरानी सामग्रियों को देखा और संस्कृति और भाषा संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयास की सराहना की। यात्रियों ने संग्रहालय के लिए संरक्षण के लिए दस हजार रुपये की धनराशि भी दी।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग ने आज देहरादून, रुद्रप्रयाग, टिहरी और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने प्रदेश के शेष जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया है। इस बीच, राज्य के विभिन्न हिस्सों रुक–रुक बारिश हो रही है। बारिश और भूस्खलन से पर्वतीय जिलों में बाधित लगभग 70 सड़कों को तेजी से खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं।

<u>सत्यापन अभियान</u>

आगामी कांवड़ मेले को देखते हुए हरिद्वार जिले की रानीपुर कोतवाली पुलिस ने आपराधिक घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सघन सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान शिवलोक टिबड़ी, टिहरी विस्थापित कॉलोनी, शिवालिक नगर और सुमननगर क्षेत्र में किरायेदारों, घरेलू नौकरों, ठेली–फड़ी वालों और होटल व ढाबों में काम करने वालों और संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया गया।

पुलिस ने मौके पर कुल 110 लोगों की जांच की और बिना सत्यापन के किरायेदार, घरेलू नौकर या बाहरी व्यक्तियों को रखने वाले चार मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालीस हजार रुपये के कोर्ट चालान किए। पुलिस ने लोगों को सत्यापन कराने के लिए जागरूक करने के साथ ही आवश्यक वैधानिक कार्रवाई भी की।

अवैध शराब

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए उत्तरकाशी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। चुनाव के दौरान अवैध शराब और अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाने में पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल ने सर्विलांस टीम, उड़न दस्तों के साथ ही एसओजी व थाना पुलिस की टीम को सतर्क मोड पर रखा है। इसी कड़ी में मोरी पुलिस की टीम ने आराकोट, सनेल बैरियर पर सघन चौकिंग अभियान के दौरान एक वाहन से 85 पेटी देशी शराब बरामद की। पुलिस, अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

नशमुक्ति जागरुकता अल्मोड़ा

अल्मोड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा के निर्देशन में जिले में पुलिस की ओर से ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत नशे के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत पुलिस लगातार नशे के सौदागरों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कर रही है। साथ ही भांग की खेती को नष्ट करते हुए ग्रामीणों को भी नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। लमगड़ा के थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर लगातार भांग की खेती को नष्ट किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर भांग की खेती नहीं करने के संबंध में जागरुक किया गया। ग्रामीणों को नशा मुक्त अभियान में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।